देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 260 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**रविवासरीय...**गुंजन का किरदार निभाएंगी जान्हवी



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 24 नवंबर 2019



मौसम अधिकतम 23.0° न्यूनतम 13.0° | 40359.41 | 2 तालिबान से अमेरिका ने शुरू की बातचीत | 7 विराट कोहली ने ठोका शतक

## संक्षिप्त समाचार

### 22 फीसदी भूजल या तो सूख गया या गंभीर स्थिति में है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नयी दिल्ली। देश का लगभग 22 फीसदी भूजल या तो सूख चुका है या फिर गंभीर स्थिति में है। जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में यह कहा। सरकार ने जलभर के मानचित्रण का काम भी शुरू कर दिया है और अगले वर्ष मार्च तक जल संकट से जूझ रहे देश के सभी जिलों में मानचित्रण का काम होगा।

### अनाधिकृत कॉलोनियों की सीमा तय करने के लिए वेबसाइट लॉन्च

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्रीय आवास व शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को अनाधिकृत कॉलोनियों की सीमाओं को रेखांकित व परिभाषित करने के लिए एक वेबसाइट को लॉन्च किया। डीडीए द्वारा विकसित वेबसाइट की लॉन्चिंग पर पुरी ने कहा, पिछले 11 सालों में जो दिल्ली सरकार ने नहीं किया, हमने वह तीन महीने में कर दिखाया। उन्होंने कहा कि मालिकाना हक का आवेदन करने के लिए जल्द ही एक और वेबसाइट लॉन्च की जाएगी। इस मौके पर उन्होंने कहा, दिल्ली के जनता के कल्याण और फायदे से जुड़े मुद्दे पर दिल्ली सरकार का अवरोधक और गैरजिम्मेदार रवैया स्पष्ट है।

### मंदिर की जमीन भगवान के पास ही रहेगी: मद्रास हाई कोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नै। मद्रास हाई कोर्ट ने एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि तमिलनाडु में हजारों करोड़ों का मंदिर का भूखंड भगवान के अधिकार में रहेगा। हाई कोर्ट ने इसी के साथ राज्य सरकार के विवादित आदेश पर रोक भी लगा दी जिसमें अधिग्रहीत जमीन को अतिक्रमण करने वालों को ही सौंपने का प्रस्ताव था। दरअसल, अगस्त 30 को सरकार ने एक फरमान जारी किया था जिसमें पांच साल से अधिक समय से मंदिर की गैर–विवादित जमीन को नियमित करने को कहा गया था।

# महाराष्ट्र में फिर फडणवीस सरकार

■ अजित पवार ने भी डिप्टी सीएम की शपथ ली

## शनिवार की सुबह होने से पहले ही महाराष्ट्र में आया राजनीतिक भूचाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। शनिवार की सुबह महाराष्ट्र की राजनीतिक में एक बड़ा भूचाल लेकर आई। एकदम सुबह–सुबह देवेंद्र फडणवीस ने राजभवन में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके लिए यह रास्ता तैयार करने वाले एनसीपी के अजित पवार बने। एनसीपी के अजित पवार ने भी डिप्टी सीएम की शपथ ली।अजित पवार के मुताबिक, उनके पास एनसीपी के विधायकों का समर्थन पत्र है, जोकि उन्होंने राज्यपाल को सौंपा है।

हालांकि, शरद पवार ने कहा कि अजित पवार का यह फैसला उनका निजी है और उनके खिलाफ एनसीपी कार्रवाई करेगी। इससे पहले शुक्रवार को एनसीपी, कांग्रेस और शिवसेना के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में यह लगभग तय हो गया था कि उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बनेंगे। हालांकि, कुछ और मुद्दों पर चर्चा के लिए शनिवार को इन तीनों पार्टियों की एक बैठक और होने वाली थी। इससे पहले ही बीजेपी ने बड़ा दांव खेलते हुए सरकार बना ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में फिर से देवेंद्र फडणवीस ने शपथ ले ली। साथ में एनसीपी के अजित पवार ने भी डिप्टी सीएम की शपथ ली। यह महाराष्ट्र की राजनीति में सबसे चौंकाने वाली तस्वीर साबित हुई। कांग्रेस–एनसीपी–शिवसेना के बीच बनते गठबंधन के बीच यह एक बहुत बड़ी खबर थी।

**बहुमत का आंकड़ा 145:** महाराष्ट्र विधानसभा में 288 सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का जरूरी आंकड़ा 145 का है। विधानसभा चुनाव के नतीजों में भारतीय जनता पार्टी को 105, शिवसेना को 56, एनसीपी को 54 और कांग्रेस को 44 सीटें मिली हैं।



### सीएम बनकर बोले फडणवीस– मोदी है तो मुमकिन है

मुंबई। देवेंद्र फडणवीस सीएम बनने के बाद मुंबई स्थित बीजेपी ऑफिस पहुंचे। इस दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने देवेंद्र फडणवीस का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर फडणीस ने कहा– मोदी है तो मुमकिन है, साथ ही उन्होंने महाराष्ट्र को स्थिर सरकार देने का भी वादा किया। एनसीपी के अजित पवार के समर्थन से सरकार बनाने के बाद देवेंद्र फडणवीस शाम को लगभग 4:15 बजे मुंबई बीजेपी के ऑफिस पहुंचे। इस दौरान उनके साथ महाराष्ट्र बीजेपी के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल समेत कई बड़े नेता भी मौजूद थे।

### महाराष्ट्र में तड़के 5:47 बजे हटा राष्ट्रपति शासन

नयी दिल्ली। गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार सुबह राष्ट्रपति शासन को समाप्त करने की घोषणा की। इस आशय का राज–पत्र केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने सुबह पांच बजकर 47 मिनट पर जारी किया। कोविंद द्वारा हस्ताक्षरित राज–पत्र के अनुसार, "संविधान के अनुच्छेद 356 के खंड (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसार, मैं भारत का राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, मेरे द्वारा 12 नवंबर 2019 को महाराष्ट्र राज्य के संबंध में की गई घोषणा को निरस्त करता हूं, जो 23 नवंबर 2019 से प्रभावी है।"

### राज्यपाल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है: पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघीय ढांचे को आगे बढ़ाने में राज्यपाल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और राज्यपालों एवं उपराज्यपालों को अल्पसंख्यकों समेत वंचित तबके के तमाम लोगों की जरूरतों एवं उनके उत्थान पर ध्यान देना चाहिए। मोदी ने राज्यपालों एवं उपराज्यपालों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सभी राज्यपालों एवं उपराज्यपालों को अल्पसंख्यकों सहित समाज के वंचित तबके के लोगों की जरूरतों एवं उनके उत्थान पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघीय ढांचे को आगे बढ़ाने में राज्यपाल के संस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

# एनसीपी–शिवसेना ने किया पलटवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में बनी फडणवीस सरकार पर एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने एक बयान देते हुए कहा कि वे अजित पवार के साथ नहीं हैं। सरकार बनाने के लिए भाजपा को समर्थन देने का अजित पवार का निर्णय उनका व्यक्तिगत निर्णय है न कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का। इस बीच एनसीपी और शिवसेना ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की।

एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कहा कि भाजपा सरकार के साथ सिर्फ अजित पवार गए हैं, एनसीपी नहीं। उन्होंने कहा कि सुबह 6:30

### अजीत पवार के फैसले का समर्थन नहीं करते: पवार

बजे मुझे जानकारी मिली कि राज्यपाल अभी राजभवन में ही हैं और पता चला कि अजित पवार उप–मुख्यमंत्री पद की शपथ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनसीपी–कांग्रेस और शिवसेना अब भी सरकार बनाएगी। हमारे पास अब भी विधायकों की पर्याप्त संख्या है। उन्होंने कहा कि एनसीपी विधायक दल के नेता के रूप में अजित पवार के पास सभी पार्टी विधायकों का हस्ताक्षर था, लेकिन इतना तय है कि देवेंद्र फडणवीस सरकार अपना



बहुमत साबित नहीं कर पाएगी। एनसीपी और शिवसेना की प्रेसवार्ता में कांग्रेस शामिल नहीं हुई थी। वहीं, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि ये सब जो खेल हो रहा है, उस पर पूरे देश की नजर है। उन्होंने कहा, हम पर इल्जाम लगाया जा रहा है, लेकिन शिवसेना जो भी करती है डंके की चोट पर करती है।

### 170 विधायक हमारे पास

शरद पवार ने कहा, कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना, तीनों दलों के नेताओं ने एकसाथ बैठकर सरकार बनाकर निर्णय लिया था। तीनों पार्टी के नेता और उनके निर्वाचित विधायक एक साथ आए थे। कुछ निर्दलीय विधायकों ने भी हमारा समर्थन दिया था जिससे हमारी संख्या 169–170 तक पहुंच गई थी। हालांकि, शुक्रवार देर शाम देवेंद्र फडणवीस राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के पास सरकार बनाने का दावा पेश करने पहुंचे थे। फडणवीस ने अपने पास 173 विधायकों के समर्थन होने का दावा किया।

# करतारपुर से कश्मीर का रास्ता बना रहा है पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पीओके के सामाजिक कार्यकर्ता अमजद मिर्जा का कहना है कि करतारपुर कॉरिडोर खोलने के पीछे पाकिस्तान की बेहद कपटपूर्ण सोच है। उन्होंने कहा कि कश्मीर सीमा पर बुरी तरह मात खाने के बाद पाकिस्तान के आर्मी जनरल बौखला गए और उन्होंने भारत में शांति और सद्भाव बिगाड़ने का दूसरा रास्ता ढूंढ निकाला। मिर्जा ने कहा, पाकिस्तान ने यह फैसला अभी क्यों लिया? अब इस गलियारे से जरिए वे खालिस्तानी कट्टरपंथियों का इस्तेमाल पंजाब में शांति और सद्भाव का माहौल बिगाड़ने के लिए करेंगे।

# सवालों के घेरे में राज्यपाल की भूमिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। महाराष्ट्र में शनिवार सुबह गुप–चुप तरीके से हुए शपथ ग्रहण समारोह से सरकार बनने को सहमत हो गई शिवसेना,कांग्रेस और एनसीपी हैरान रह गई है। अब कांग्रेस ने देवेंद्र फडणवीस सरकार के शपथ ग्रहण को राजनीतिक और कानूनी चुनौती देने का मन बना लिया है। यह जानकारी प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल ने दी।

राजनीतिक उठापटक के बीच महाराष्ट्र के राज्यपाल बीएस कोश्यारी ने शनिवार को बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस को सीएम और एनसीपी के अजित पवार को डेप्युटी सीएम पद की शपथ दिलाई। मीडिया से बातचीत में पटेल ने कहा कि जिस दिन चुनाव परिणाम की घोषणा हुई, उस दिन से राज्यपाल की भूमिका सवालों के घेरे में है। एनसीपी–शिवसेना की साझा प्रेस

### आरोप

### शपथ ग्रहण को कानूनी रूप से देंगे चुनौती: कांग्रेस

**हमें नहीं मिला सरकार बनाने का न्योता**

पटेल ने शिवसेना–एनसीपी की जॉइंट प्रेस ब्रीफिंग के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, पहले बीजेपी को न्योता दिया, फिर शिवसेना और उसके बाद एनसीपी को, लेकिन कांग्रेस बहुमत साबित करने का मौका नहीं दिया गया।

कॉन्फ्रेंस में पहले कांग्रेस के नेता भी शामिल होने वाले थे लेकिन महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष बालासाहेब थोराट और अशोक चव्हाण साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले ही बाहर निकल गए। कांग्रेस अब ताजा हालात पर

### अहमद पटेल ने एनसीपी पर साधा निशाना

शिवसेना और एनसीपी की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस के थोड़ी ही देर बार कांग्रेस ने मीडिया से बात की। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनैतिक सलाहकार और राज्यसभा सांसद अहमद पटेल ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, जैसे ही शरद पवार दिल्ली में आए। उनके घर दो बैठकें हुईं। सबकुछ तय हो गया था। कुछ चीजें शिवसेना के साथ तय होना था बस। एक दो मुद्दों पर ज्यादा चर्चा की जरुरत थी इसलिए हम 12 बजे मिलने वाले थे। इससे पहले आज सुबह जो कांड हुआ उसकी आलोचना करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।

अलग से बैठक करेगी। कांग्रेस की तरफ से कहा भी गया कि बिना शरद पवार के एनसीपी में टूट संभव नहीं है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development** — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding** — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation** — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in